समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

जहानाबाद : शिक्षक कॉलोनी मे बंड़ी चोरी, 3 भर सोना और 3 किलो चांदी लेकर फरार चोर

RANJEET KUMAR

Published on 22 Sep 2025

| ??????????? | ?????? ?????? | ??????????? |: शिक्षक कॉलोनी मे बंड़ी चोरी, 3 भर सोना और 3 किलो चांदी लेकर फरार चोर

जहानाबाद/रणजीत कुमार। जिले के शहरी क्षेत्रों में **चोरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है**, जिससे आम जनता में भय और असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। शनिवार रात नगर थाना क्षेत्र स्थित **शिक्षक कॉलोनी** में चोरों ने एक शिक्षक के घर को निशाना बनाया और लाखों रुपये के कीमती जेवरात व सामान लेकर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, **मध्य विद्यालय शकूराबाद** में पदस्थापित शिक्षक **दिपु कुमार** के घर में अज्ञात चोरों ने ग्रील तोड़कर प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित शिक्षक ने बताया कि परिवार शनिवार रात करीब 10:30 बजे सो गया था। इसी दौरान चोर घर के उस कमरे में दाखिल हुए जिसमें परिवार का कोई सदस्य नहीं सो रहा था।

चोरों ने करीब **तीन भर सोना, तीन किलो से अधिक चांदी** और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। अनुमान है कि चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग **7 लाख रुपये** है। सुबह करीब 4 बजे जब परिवार जागा तो देखा कि जिस कमरे में सामान रखा था उसका दरवाजा खुला पड़ा है और आलमारी-बक्से अस्त-व्यस्त थे।

घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना अध्यक्ष **मोहन प्रसाद सिंह** ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

यह घटना न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है, बल्कि क्षेत्रवासियों में असुरक्षा की भावना को भी गहरा करती है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/RANJEET KUMAR, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.